# FLN ASSESSMENT (2026-27)

## कक्षा - 2  विषय - हिंदी

📝कुल प्रश्न : 20
⏰ समय : 60 मिनट

नाम : ______________  रोल नं. : ________  दिनांक :______________

निर्देश – प्रश्न संख्या 1 से 16 में चार विकल्प दिए गए हैं | सही विकल्प (अ ब, स या द ) का चयन कीजिए|



**भाग -अ** दक्षता – C-10.1: ध्वन्यात्मक जागरुकता विकसित करता है और स्वरों / शब्दांशों को शब्दों में मिश्रित करने और शब्दों को ध्वनि / शब्दों में खंडित करने में सक्षम होता


**1.** इस चित्र के नाम की पहली ध्वनि है -



(अ) ल
(ब) ग
(स) आ
(द) ब ( )

**2.** दिए गए चित्रों में किसके नाम में 'क' वर्ण की ध्वनि आती है -

(अ)   (ब) 

(स)   (द)  ( )

**3.** दिए गए शब्दों में 'न' वर्ण से बनने वाला शब्द है –

(अ) घर (ब) नहर
(स) मेला (द) रेल ( )

**4.** दिए गए शब्दों में 'आ' की मात्रा से बना शब्द है -

(अ) गाना (ब) खुशबू (स) पेंसिल (द) रबर ( )

दक्षता –C-10.3 लिपि की वर्णमाला के सभी अक्षरों (अक्षर के रूप) को पहचानता है और इस ज्ञान को पढ़ने और लिखने के लिए उपयोग करता है|

**5.** ल , म , क वर्णों के उपयोग से बना सही शब्द है -

(अ) चमक (ब) कमल
(स) मकल (द) मलक ( )

**6.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कर सही शब्द के लिए एक उचित वर्ण है -


न _ क , च _ क , र _ न

(अ) र (ब) ह
(स) ल (द) म ( )

**7.** 'ए' की मात्रा से बना शब्द है -

(अ) केला (ब) मैना
(स) औरत (द) मोहन ( )


**8.** दिए गए चित्र का सही नाम है -



(अ) मलीछ
(ब) छमली
(स) लीमछ
(द) मछली ( )

दक्षता –C-9.3-धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत करता है।।

**9.** यह चित्र किसका है -



(अ) घोड़े का
(ब) गाय का
(स) शेर का
(द) बकरी का ( )

**10.** बिल्ली क्या कर रही है -




(अ) दौड़ रही है।
(ब) बैठी है।
(स) दूध पी रही है।
(द) कूद रही है । ( )

**11.** यह घोंसला किससे बनाया गया है -



(अ) तिनकों से
(ब) पत्थर से
(स) काँच से
(द) कागज से ( )

**12.** रीना लिख रही थी। तभी उसकी पेंसिल टूट गई। उसे सबसे पहले क्या करना चाहिए ?
(अ) रोना चाहिए ।
(ब) दोस्तों से नई पेंसिल मांगनी चाहिए ।
(स)लिखना छोड़ देना चाहिए ।
(द) खेलना चाहिए । ( )

दक्षता –C-10.5: वह स्वत: ही कहानी के भागों, रूपरेखा और लेखक के नजरिए को पहचान सकेगा।

**दी गई कहानी को पढ़कर (प्रश्न संख्या 13 से 16 तक) उत्तर दीजिए।**

एक भूखी लोमड़ी भोजन की तलाश में घूम रही थी। वह एक बगीचे में गई। वहाँ उसने अंगूर की बेल पर बहुत से पके हुए अंगूर देखे। वह अंगूर खाने के लिए उछल-कूद करने लगी। लेकिन अंगूर नहीं खा सकी, तो बोली "अंगूर खट्टे हैं मुझे नहीं खाने।"

**13.** इस कहानी में कौनसा जानवर है -
(अ) शेर (ब) बंदर (स) लोमड़ी (द) भालू ( )

**15.** लोमड़ी उसी समय अंगूर कैसे प्राप्त कर सकती थी?
(अ) बगीचे के रखवाले को डराकर
(ब) बगीचे के रखवाले से माँग कर
(स) अंगूरों के टूटकर गिरने का इन्तजार कर
(द) बेल के सूखने का इंतजार कर ( )

**14.** लोमड़ी ने ऐसा क्यों कहा कि "अंगूर खट्टे हैं" -
(अ) अंगूर बहुत ही खट्टे थे।
(ब) वह अंगूर खाना नहीं चाहती थी।
(स) वह अंगूर तक पहुँच नहीं पा रही थी।
(द) उसने पहले ऐसे अंगूर खाए थे। ( )

**16.** यदि लोमड़ी थोड़ी देर और उछल - कूद करती तो क्या होता ?
(अ) अंगूर नीचे गिर जाते
(ब) उसे अंगूर मिल जाते
(स) वह थक जाती
(द) माली उसे भगा देता ( )

**भाग -ब** दक्षता – C-10.8: अपनी समझ और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए एक आलेख लिखता है।

**17.** शिक्षक विद्यार्थियों से बिना मात्रा के चार वर्णों के शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ ।

(i) ..................................................................
(ii) ..................................................................
(iii) ..................................................................
(iv) ..................................................................

**19.** आप अपने घर पर भाई-बहन से किस-किस कार्य में मदद लेते हैं?

..................................................................
..................................................................
..................................................................
..................................................................
.

**18.** दो फूलों के नाम लिखिए -
(i).................................................................
(ii).................................................................

**20.** अपने विद्यालय पर दो वाक्य लिखिए -




उत्तर
(i) ..................................................................
(ii) ..................................................................

# शिक्षक हेतु आकलन संबंधी निर्देश

1. **सामान्य निर्देश :-**

- FLN Assessment प्रारंभ करने से पूर्व शिक्षक निम्न निर्देशों का अवलोकन करें—
- आकलन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में करवाएँ तथा विद्यार्थियों को निर्धारित समय उपलब्ध करवाएँ।
- आकलन पत्रक में विषय की चयनित 5 FLN दक्षताओं (Competencies) को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक दक्षता पर 4 प्रश्न निर्धारित हैं।
- आकलन में कुल 20 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न का अंक भार 1 अंक है।
- आकलन पूर्ण होने के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित Rubric/मूल्यांकन मानदंड के अनुसार करें।
- प्रत्येक दक्षता के चारों प्रश्नों में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों का दक्षतावार योग कर दक्षतावार ही प्राप्तांक दर्ज करें।
- मूल्यांकन एवं अंक प्रविष्टि में निष्पक्षता, शुद्धता एवं एकरूपता सुनिश्चित करें तथा उत्तर-पुस्तिकाएँ सुरक्षित रखें।
- **भाग–A : प्रश्न क्रमांक 1 से 16**
- प्रश्न क्रमांक 1 से 16 का मूल्यांकन निर्धारित सही उत्तर के आधार पर करें। सही उत्तर के लिए 1 अंक तथा गलत/अनुत्तरित प्रश्न के लिए 0 अंक प्रदान करें।
- प्राप्त अंकों को संबंधित FLN दक्षता के अनुसार दर्ज करें।
- **भाग–B : प्रश्न क्रमांक 17 से 20 — Rubric आधारित मूल्यांकन**
- प्रश्न क्रमांक 17 से 20 का मूल्यांकन दिए गए Rubric के अनुसार करें। विद्यार्थी के प्रदर्शन के आधार पर 1, ½, ¼ अथवा 0 अंक प्रदान करें।
- प्रश्न 17 (श्रुतलेख): निर्धारित शब्द/पंक्तियाँ स्पष्ट रूप से बोलकर लिखवाएँ तथा शब्दों की शुद्धता एवं लेखन के आधार पर अंक दें।
- प्रश्न 18 (वाक्य निर्माण): दिए गए शब्दों से बनाए वाक्यों का मूल्यांकन उचित शब्द-प्रयोग, सार्थकता एवं शुद्ध लेखन के आधार पर करें।
- प्रश्न 19 (विचार-अभिव्यक्ति): उत्तर का मूल्यांकन विचार-अभिव्यक्ति, प्रासंगिकता, स्पष्टता एवं पूर्णता के आधार पर करें।
- प्रश्न 20 (चित्र आधारित लेखन): वाक्यों का मूल्यांकन चित्र से प्रासंगिकता, वाक्य निर्माण एवं शुद्ध लेखन के आधार पर करें।
- Rubric में निर्धारित अंक मानदंड:
- 1 अंक – पूर्णतः सही/अपेक्षित प्रदर्शन | ½ अंक – आंशिक रूप से सही | ¼ अंक – सीमित प्रदर्शन | 0 अंक – गलत/अप्रासंगिक/अनुत्तरित।
- प्रत्येक दक्षता के चारों प्रश्नों के प्राप्तांकों का योग करें। यदि योग पूर्णांक में न हो, तो अगले पूर्णांक (Round Up) में परिवर्तित कर शाला दर्पण पर दर्ज करें। उदाहरण: 3½ → 4 अंक, 3¼ → 3 अंक।
- शाला दर्पण पर अंक दर्ज करने से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी के दक्षतावार एवं कुल प्राप्तांकों की पुनः जाँच सुनिश्चित करें।

| FLN Assessment – Competency-wise Score Sheet | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा - | | | | | | | |
| विषय: हिंदी | | | | | | | |
| क्र.सं. | विद्यार्थी का नाम | C-10.1 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.3 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-9.3 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.5 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.8 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | कुल प्रश्न-20 कुल अंकभार -20 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | |
| 14 | | | | | | | |
| 15 | | | | | | | |

नोट: प्रत्येक दक्षता के 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक दक्षता का अधिकतम अंक 4 तथा कुल अधिकतम अंक 20 हैं।